


## एक नजर में

### पांच प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**उज्जैन।** 9 जुलाई, बुधवार को रोटरी क्लब उज्जैन और ज्ञानोदय शासकीय उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय लालपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'एक पौधा माँ के नाम' कार्यक्रम में 500 से अधिक विद्यार्थियों के साथ अतिथियों ने भी भाग लिया।600 से अधिक पौधे रोपने के साथ ही विद्यार्थियों ने वर्ष भर पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।प्रत्येक पौधे पर विद्यार्थी और उनकी माँ के नाम की एक पट्टिका लगी हुई है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब उज्जैन रोट. के अध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे थे। विशिष्ट अतिथियों में गणेश भावर संभागीय उपायुक्त जनजातीय एवं अनुसूचित जाति विभाग, उद्यमिता विकास केंद्र मध्य प्रदेश (सेडमैप) उज्जैन के जिला अधिकारी प्रमेश मिश्रा, आनंद विभाग के जिला समन्वयक डॉ. प्रवीण जोशी शामिल थे।अन्य अतिथियों में इंडियन राहुल चौहान रोटरी क्लब, सचिव उरुसा हाशमी, रो. रवि प्रकाश लंगर, रो. डॉ. नलिनी लंगर, रो. शाहिद हाशमी, रो. डॉ. विमल गर्ग, रो. धीरेन्द्र रैना, रो. प्रहलाद वर्मा, रो. अजय शर्मा, रो. कृष्णकांत पवार, रो. हरिहर शर्मा, रो. जागृति शर्मा, रो. गीता दुबे, रो. संध्या शर्मा, श्रीमति अनामिका, रो. अरुणा पवार सहित विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी सभी उपस्थित थे। पौधारोपण से पूर्व, विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण और माँ से जुड़े गीत की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी गई। प्रधानाचार्या श्रीमती शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए इस कार्यक्रम की विशेषता बताई कि प्रत्येक पौधे पर विद्यार्थी और उसकी माता के नाम की पट्टिका लगी है। तत्पश्चात, विद्यार्थियों ने वर्ष भर अपने पौधों को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। मंचासीन अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इस अभियान के लिए विद्यालय और रोटरी क्लब उज्जैन का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और पौधों के प्रति उनका लगाव बढ़ेगा।अंत में रोटरी क्लब उज्जैन द्वारा छात्र, छात्राओं को फूड पैकेट वितरित कर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



### भाजपा नगर के मंडलों में मनाएगी गुरु पूर्णिमा

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी नगर के 12 मंडलों में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाएगी। इस दौरान मंडल क्षेत्र में रहने वाले संतगण और गुरुजनों का सम्मान किया जाएगा इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गुरु पूर्णिमा एवं अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय लोक शक्ति भवन पर आज एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश संगठन के निर्देश पर शहर के सभी 12 मंडलों में गुरु पूर्णिमा पर्व कल मनाया जाएगा। इस दौरान सभी मंडलों के क्षेत्र में रहने वाले संत गण विभिन्न विधाओं के गुरुजनों का सम्मान मंडल के स्थानीय कार्यकर्ता एवं नगर पदाधिकारी, विधायक तथा वरिष्ठ नेताओं के साथ करेंगे।वहीं 11 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन हो रहा है। वे शाम को उत्तम स्वामी महाराज की रथ यात्रा में भाग लेंगे।इसके अलावा विकास प्राधिकरण द्वारा मालनवासा में जो नई आवासीय कॉलोनी में ड्रेनेज एवं अन्य व्यवस्था विकसित की गई है उन सभी का लोकार्पण मुख्यमंत्री करेंगे। बैठक को विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव ने भी संबोधित किया। बैठक में महापौर मुकेश टटवाल, भाजपा अंत्योदय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रामेश्वर दुबे, महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल, राकेश पंड्या सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक का संचालन जगदीश पांचाल ने किया आभार मुकेश यादव ने माना।



### महाकाल के चरणों में बिल्वपत्र का अर्पित

**उज्जैन।** सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति द्वारा एक पेड़ एक परिवार अभियान चलाया जा रहा है।जिसका शुभारंभ संगठन के सभी सदस्यों के द्वारा बाबा महाकाल के दर्शन एवं पूजन अर्चन कर बाबा महाकाल के चरणों में बेलपत्र का पौधा अर्पण कर किया। महाकाल मंदिर के पुजारी पं आकाश गुरु, पं. देवेंद्र शर्मा द्वारा संगठन के पोस्टर का विमोचन बाबा महाकाल मंदिर से किया गया। संगठन के अध्यक्ष मनोज रावत द्वारा पं आकाश शर्मा गुरु, पंडित देवेंद्र शर्मा को बेलपत्र का पौधा देकर अभियान का आरंभ किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा नि:शुल्क पौधों का वितरण किया गया जिसमें बेलपत्र, नीम, पीपल, बरगद वितरण किए गए।संगठन द्वारा लगातार पौधा रोपण एवं पौधों का नि:शुल्क वितरण का कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें संपूर्ण प्रदेश में 100000 पौधों का रोपण एवं वितरण का प्रयास संगठन के द्वारा किया जाएगा।साथ संगठन के द्वारा अभियान चलाकर सदस्य जोड़ो अभियान का भी आरंभ किया गया। नवीन सदस्यों की नियुक्ति की गई जिसमें देवेंद्र शर्मा संरक्षक, रत्नेश व्यास सह कोषाध्यक्ष, विशाल दुबे मीडिया प्रभारी, रेणु सोलंकी प्रदेश महामंत्री, सरोज वैष्णव को संगठन महामंत्री मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पं मनोज रावत अध्यक्ष, निहारिका शर्मा, अर्चना शर्मा, विनोद जोशी, रत्नेश व्यास, मुक्तेश मनावत, प्रखर जोशी, कल्पना पटवा, सविता चौहान, रतनदीप मिश्रा, कृष्ण दास वैष्णव, राजकुमार आचार्य, अनीता शर्मा सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा ने दी।

### एनसीसी के तौर तरीकों की जानकारी दी

**उज्जैन।** लॉन्चिंग एन.सी.सी. कैंप का भव्य शुभारंभ कैम्प कमांडैंट कर्नल जी. पी. चौधरी (सेना मेडल) द्वारा किया गया। इस मौके पर कैम्प कमांडैंट कर्नल जी. पी. चौधरी (सेना मेडल) ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कैम्प की रूपरेखा, एन.सी.सी. के महत्व तथा फौजी अनुशासन और तौर-तरीकों की जानकारी दी।उन्होंने विशेष रूप से कैडेट्स को देशसेवा, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना के महत्व को बताया। एमआईटी महाविद्यालय, उज्जैन में आयोजित इस कैम्प में 600 से अधिक कैडेट्स की सक्रिय सहभागिता की जा रही है।यह कैम्प 10 म. प्र. बटालियन, उज्जैन द्वारा ग्रुप हेडक्वार्टर इंदौर के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित टी.एस.सी. (थल सैनिक कैंप) के लिए मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ डायरेक्टोरेट की टीम तैयार करना तथा योग्य कैडेट्स का चयन करना है।इस अवसर पर एम आई टी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट्स के ग्रुप डायरेक्टर मुकेश शुक्ला, संस्थान के डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. के.वी. शर्मा, लैफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार, मेजर डॉ. मोहन निमोले, कैप्टन डॉ. कनिया मेड़ा, कैप्टन डॉ. सरोज रत्नाकर, लैफ्टिनेंट मदन सोलंकी, लैफ्टिनेंट सौरभ मिश्रा, सेकेंड ऑफिसर दीपेश तालिब, थर्ड ऑफिसर आरती, जितेन्द्र पंचोली, एस.एम. सुबेदार बलविंदर तथा सुबेदार दलजीत सिंह सहित 600 कैडेट्स से अधिक एन.सी.सी. कैडेट्स उपस्थित थे।

### विश्व जागृति मिशन मंडल में गुरु पूर्णिमा आज

**उज्जैन।** विश्व जागृति मिशन मंडल उज्जैन द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज 10 जुलाई गुरुवार को शाम 5 से 7 बजे तक जीडीसी रोड़ स्थित आस्था गार्डन में मनाया जाएगा। विश्व जागृति मिशन प्रधान डी डी पंचोली ने बताया कि महोत्सव में अतिथि के रूप में डॉ. स्वामीनाथ पांडे, डॉ. राम तीर्थ शर्मा धनवंतरी कॉलेज, मुकेश जोशी वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ. विमल गर्ग, श्याम महेश्वरी मौजूद रहेंगे। विश्व जागृति मिशन उज्जैन मंडल ने सभी दीक्षार्थियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

# कृषि गतिविधियों की छोटी-छोटी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करें

## कलेक्टर ने किया बड़नगर क्षेत्र में कृषि विकास कार्यों का दौरा, प्राकृतिक खेती करने वाले किसान के तरीके से कलेक्टर हुए प्रसन्न

**उज्जैन। नवाचार में भरोसा रखने वाले कलेक्टर रोशन कुमार सिंह बुधवार को बड़नगर तहसील के दौरे पर रहे। वह खेती किसानी करने वाले किसानों के खेत पर भी पहुंच गए, उनके खेती करने के प्राकृतिक तरीके को देखकर प्रसन्न हुए। साथ ही सरकारी स्कूल पहुंचकर शिक्षकों से लेकर विद्यार्थियों से भी कलेक्टर ने चर्चा की।**





कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को बड़नगर विकासखंड का सघन भ्रमण किया। कलेक्टर ने सर्वप्रथम बड़नगर के नागझिरी ग्राम पहुंचकर वहां के प्रगतिशील किसान गोपाल डोडिया के फार्म में कृषि विभाग के सहयोग से चलाई जा रही गतिविधियों का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने कक्षा में जाकर बच्चों से पूछा कि उन्हें समय पर किताबें, गणवेश मिल रहे हैं अथवा नहीं। उनकी अगली बोर्ड एग्जाम कब है। सभी बच्चे यूनिफॉर्म में आएं। कलेक्टर ने सभी बच्चों से कहा वे नियमित रूप से पढ़ाई करें व नियमित रुप से स्कूल आए और शिक्षकों की बात का अनुसरण करें। प्रतिदिन 4 से 6 घंटे पढ़ाई करें। दसवीं बोर्ड के विद्यार्थियों से कहा कि वे पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र से प्रेक्टिस करें और परीक्षा के अनुसार ही उन्हें हल करने का प्रयास करें। पूरे वर्ष भर पढ़ाई करें, परीक्षा 3 घंटे की होती है। इसमें समय का विशेष ध्यान रखें हर एक घंटे में 10 प्रश्नों को हल करने की प्रेक्टिस करें। सिलेबस समस्त शिक्षक समय पर पूरा करवाएं और बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट में और सुधार किया जाए। कलेक्टर ने ग्राम टोकरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बनाए गए खेत तालाब का अवलोकन किया। वहां के किसान दीपक राठौर ने बताया कि उनके पास 5 बीघा जमीन है तथा तालाब का निर्माण 22 गुणा 22 मीटर क्षेत्रफल में किया गया है। इसकी कुल लागत 2 लाख रुपए है जो उन्हें शासन के द्वारा प्रदान की गई है। तालाब का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा बारिश के दौरान इस तालाब में पूरा पानी भर जाएगा, जिससे वे पूरे वर्ष भर पानी को संरक्षित करेंगे और अगली फसल में इसका पानी लेंगे।

इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम गजनी खेड़ी में हितग्राही राजाराम पिता भगवान के यहां खेत में तालाब निर्माण का अवलोकन किया। बताया गया कि तालाब की लागत 4 लाख 50 हजार रुपए है। जो जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निर्मित कराया गया है। कलेक्टर ने इस तालाब में वर्षा का पानी भरने और उसका उपयोग फसलों की सिंचाई में करने के लिए कहा। राजाराम ने कहा कि वे तालाब में मछली पालन भी करेंगे, जिस पर कलेक्टर ने उनकी प्रशंसा की। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पंचायत खेड़ावदा का निरीक्षण किया और यहां उप स्वास्थ्य केंद्र के हैंडओवर के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### प्राकृतिक खेती किसानी के तरीके की सराहना

कृषक डोडिया के द्वारा प्राकृतिक रूप से विभिन्न तरह की जीवामृत, बीजामृत, ब्रह्मास्त्र आदि दवाइयां बनाकर खेती की जा रही है। कृषक के द्वारा विगत 9 से 10 वर्षों से पूर्णत: प्राकृतिक खेती की जा रही है। उनके द्वारा अपने खेत पर गन्ना, समस्त अनाज, फल एवं सब्जी की खेती की जाती है। किसान द्वारा स्वयं ही कृषि यंत्र भी अपने उपयोग हेतु बनाए जाते हैं। दूसरे क्षेत्र के किसान भी इनके यहां भ्रमण कर नई-नई जानकारी प्राप्त करते हैं। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने यह सब कुछ देखा और किसान की सराहना की। कलेक्टर के द्वारा निर्देश दिए गए कि डोडिया के फार्म में आसपास के क्षेत्र एवं अन्य जिलों के किसानों को भ्रमण करा कर प्रेरित किया जाए एवं प्रशिक्षण भी इसी स्थल पर आयोजित करें। डोडिया की कृषि गतिविधियों की छोटी-छोटी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करें, ताकि किसान अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।

### शासकीय स्कूल पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर ने शासकीय हाई स्कूल का निरीक्षण किया। वहां नियमित रूप से साफ सफाई करवाएं जाने के निर्देश दिए। प्राचार्य के कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर ने स्टाफ और विद्यार्थियों के दैनिक उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन गौड़ ने जानकारी दी कि विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया अभी चल रही है। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति अच्छी है। कलेक्टर ने कहा कि स्टाफ में यदि किसी को अवकाश के लिए जाना हो तो 10 दिन पहले आवेदन किया जाए। अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार सिर्फ संकुल प्राचार्य को है। विद्यालय के प्राचार्य को नहीं। कलेक्टर ने कहा कि प्रवेश के दौरान बच्चों से स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट अनावश्यक रूप से ना मांगा जाए, प्रवेश की संख्या को और बढाए जाने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार अध्यापन करवाए जाने के निर्देश दिए गए।

# गरोठ ब्रिज पर हादसा, ट्राला चालक की मौत

**उज्जैन।** गरोठ ब्रिज पर मंगलवार-बुधवार रात 2 बजे सड़क हादसा हो गया। ट्राला चालक की मौके पर मौत हुई है। ट्राला हरिद्वार से पीथमपुर जा रहा था।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि नक्षत्र होटल से पंवासा की ओर जाने वाले मार्ग पर गरोठ ब्रिज बना हुआ है रात 2 बजे हादसा होने की खबर पर पुलिस पहुंची थी। जांच में सामने आया कि कृषि उपकरणों से भरा ट्राला अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकराया है। चालक की मौत हो चुकी है। रात में चालक की लाश को चरक अस्पताल लाया गया और पोस्टमार्टम कक्ष में रखा। उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने ट्रक नंबर के आधार पर जानकारी जुटाना का प्रयास किया। इस दौरान सामने आया कि ट्राला गुजरात के वापी स्थित ऋतिक ट्रांसपोर्ट का है। पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कंपनी से संपर्क किया। ट्रांसपोर्ट वेबसाइट बुधवार दोपहर उज्जैन पहुंचे। इसके बाद सामने आया कि मृतक चालक बिहार के चंपारण का रहने वाला नवल सिंह पिता रामबाबू शाह है। वह हरिद्वार से कृषि उपकरण लेकर पीथमपुर की ओर जा रहा था। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दी है। गुरुवार सुबह परिजनों के उज्जैन पहुंचने पर मृतक चालक का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।




### पत्नी अहमदाबाद गई थी पति ने लगा ली फांसी

उज्जैन। 15 दिनों से पत्नी रिश्तेदारों के यहां अहमदाबाद गई हुई थी। रात में पति ने फांसी लगा ली। भाई घर पहुंचा तो उसने फंदे पर लटका देखा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। पंवासा में रहने वाला मनोहर पिता शिवनारायण जूनवाल मिस्त्री का काम करता था। मंगलवार रात में भाई सूरज घर पहुंचा तो उसने मनोहर को फंदे पर लटका पाया। मामले की सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची। शव उतारकर चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद पोस्टमार्टम कक्ष में भेज दिया। बुधवार सुबह परिजनों ने बताया कि मनोहर मिस्त्री का काम करता था उसकी पत्नी 15 दिनों से अहमदाबाद गई हुई है। मनोहर को ऐसी कोई परेशानी भी नहीं थी कि वह आत्मघाती कदम उठा ले। वह दो बच्चों का पिता था। पति की मौत का पता चलने पर अपनी भी अहमदाबाद से लौट आई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है परिजनों के बयान के बाद कारण सामने आ पाएगा।

# गंभीर नदी में गिरी क्रेन एक की मौत दूसरा घायल

**उज्जैन।** बडनगर मार्ग गंभीर नदी में मंगलवार क्रेन पलटने से 2 ग्रामीण डूब गए थे। एक को तत्काल ही बाहर निकाल लिया गया जो घायल हुआ था दूसरे का कुछ पता नहीं चल पाया था। जिसकी बुधवार सुबह नदी से लाश मिलना सामने आया है।

चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि बडनगर मार्ग पर गंभीर नदी में क्रेन पलटने पर 2 ग्रामीण के डूबने की सूचना रात में मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने मांगीलाल नामक ग्रामीण को बाहर निकाल लिया था। जो घायल हालत में था उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं दूसरा ग्रामीण डूब चुका था जिसकी तलाश करने पर वह नहीं मिला। बुधवार सुबह फिर से डूबे ग्रामीण की तलाश शुरू की गई। कुछ घंटे बाद उसका शव मिल गया जिसकी पहचान संतोष पिता बाबूलाल मकवाना निवासी ग्राम खड़ोदिया इंगोरिया के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि गंभीर नदी में नाव फंस गई थी। जिसके निकालने के लिए क्रेन बुलवाई गई थी। संतोष क्रेन की मदद से नाव निकालने का प्रयास कर रहा था तभी क्रेन गंभीर नदी में जा गिरी। जिसके साथ संतोष भी नदी की गहराई में चला गया था। वही मांगीलाल भी क्रेन के साथ नदी में गिरा था। पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच के बाद घटनाक्रम पूरी तरह से स्पष्ट किया जाएगा।

# दो माह तक चक्कर लगाए तब दर्ज हुआ बाइक चोरी का प्रकरण

**उज्जैन। बाइक चोरी करने वाले बदमाश लगातार शहर में वारदातों को अंजाम दे रहे है। लेकिन पुलिस पता नहीं लगा पा रही है। यहीं नहीं प्रकरण भी लम्बे समय बाद दर्ज किये जा रहे है। ऐसा एक मामला आगररोड एलाउंस सिटी से होना सामने आया है।**

आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के पास गली नम्बर 5 मकान नम्बर 128 में रहने वाले असरार पिता मोहम्मद शाह की बाइक क्रमांक एमपी 13 एफएस 8054 बदमाशों ने 28 मई को चोरी कर ली थी। बाइक चोरी के बाद चालक ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। लेकिन पुलिस ने 40 दिन गुजर जाने के बाद जुलाई में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। ऐसा ही एक मामला नागझिरी थाना क्षेत्र के मालनवासा स्थित अवंतिकापुरी कालोनी का भी है। यहां रहने वाले प्रकाश पिता अम्बाराम चौहान की बाइक क्रमांक एमपी 13 झेडएच 8648 बदमाश 3 जुलाई को चोरी कर ले गये थे। जिसके फुटेज भी सामने आये थे। 2 बदमाश दिखाई दिये थे, लेकिन पुलिस ने 5 दिन बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया। बाइक चोरी की वारदातों में पुलिस अधिकांश मामलों में तत्काल प्रकरण दर्ज करने से बच रही है। चालको द्वारा थानों के कई चक्कर लगाये जा रहे हैं। तब जाकर पुलिस प्रकरण दर्ज कर बदमाशों का पता लगाने का आश्वासन दे रही है। पुलिस की इसी वजह से बदमाशों के हौंसले बुलंद दिखाई दे रहे है और वह प्रतिदिन 3 से 4 बाइक चोरी को अंजाम दे रहे है। विदित हो कि शहर में चोरी की वारदातें निरंतर बढ़ती जा रही हैं। चोर किसी प्रकार की बाइक चोरी करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस को अपनी गश्त के साथ खुफिया तंत्र को सक्रिय करना होगा।

# पुरी वलसाड ट्रेन में बदमाश ने दिव्यांग से छीना मोबाइल

**उज्जैन। चलती ट्रेन में दिव्यांग से बदमाश मोबाइल छीनकर कूद गया। ट्रेन के रतलाम पहुंचने पर दिव्यांग ने शिकायत दर्ज कराई। जहां से मामला जांच के लिये उज्जैन जीआरपी को सौंपा गया है।**




बालाघाट के ग्राम कलकत्ता किरनापुर का रहने वाला दिव्यांग राहुल पिता बसंतराव पुरी बलसाड़ एक्सप्रेस में यात्रा कर रहा था। ट्रेन उज्जैन स्टेशन से रवाना होते ही कुछ दूरी पर एक बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल छीना और चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। राहुल ने शोर मचाया, लेकिन बदमाश तब तक काफी दूर हो चुका था। ट्रेन के रतलाम पहुंचने पर दिव्यांग राहुल ने जीआरपी पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने जीरों पर मामला दर्ज किया और जांच के लिये उज्जैन जीआरपी को भेजा। जीआरपी ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है। मोबाइल नंबर और ईएमआई नम्बर के माध्यम से लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। मोबाइल चोरी का एक मामला साबरमती एक्सप्रेस में सामने आया। माधौपुरा मक्सीरोड का रहने वाला लक्की पिता नरेन्द्र राठौर उज्जैन से रतलाम की यात्रा करने के लिये ट्रेन में सवार हुआ था। भीड़ अधिक होने पर उसका मोबाइल अज्ञात बदमाश ने उड़ा दिया। उक्त मामले में जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। ट्रेनों में यात्रियों के साथ आये दिन वारदात होना सामने आ रहा है। जीआरपी-आरपीएफ प्लेटफार्म से चलती ट्रेनों में सर्चिंग करते है, बावजूद बदमाश वारदात करने से नहीं चूकते है। जनरल कोच ही नहीं रिजर्वेशन कोच तक बदमाश पहुंच जाते है और कीमती सामान चोरी कर भाग निकलते है।

**गुरुपूर्णिमा उत्सव** — देशभर से शिष्य यहां पूजन करने व आशीर्वाद लेने उमड़ेंगे, सांदीपनि आश्रम में विद्या आरंभ

# महाकाल की नगरी में आज गुरु पूर्णिमा की धूम, आश्रमों में होगा गुरु पूजन

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। महाकाल की नगरी में आज गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व की धूम रहेगी। गुरु आदित्य योग के संयोग में गुरु पर्व मनाया जाएगा। मंदिरों, आश्रमों व अखाड़ों में गुरु पूजन के लिए शिष्य उमड़ेंगे। सुबह से धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। दोपहर में भंडारे होंगे।**

मंगलनाथ मार्ग स्थित भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली के रूप में विश्व विख्यात सांदीपनि आश्रम में परंपरा अनुसार बच्चों को विद्यारंभ संस्कार कराया जाएगा।आश्रम के मुख्य पुजारी पं. रूपम व्यास के अनुसार सुबह महर्षि सांदीपनि, भगवान श्रीकृष्ण और बलराम की प्रतिमाओं का जलाभिषेक होगा। भगवान को नए वस्त्रों से श्रृंगारित किया जाएगा। शिखर पर ध्वजा बदलेंगे। पहली बार विद्यालय जाने वाले बच्चों का स्लेट पाटी रखकर पूजन कराया जाएगा। दिनभर दर्शन व प्रसाद वितरण चलेगा।

उज्जैन के प्रसिद्ध शिप्रा के तट पर स्थित भर्तृहरि गुफा पर सुबह 6 बजे पीठाधीश्वर योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्या में संतों के द्वारा गुरु गोरक्षनाथ, राजा भर्तृहरि एवं गोपीचंद का अभिषेक-पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर अखंड धुना चेतन होगा। इसके पश्चात आरती कर भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। सुबह 10 बजे के बाद भैरवगढ़ स्थित मां बगलामुखी धाम मंदिर पर पूजन-अर्चन होगा व शिष्यगण गुरु जी का पूजन कर आशीर्वाद लेंगे। वहीं शैक्षणिक संस्थाओं में भी गुरुपूर्णिमा पर आयोजन किए जाएंगे और शिक्षकों का पूजन होगा।

### दादू राम आश्रम में 10 से आरती व गुरु पाद पूजन शुरू होगा

श्री संत दादू दयाल गुरुकुल दादूराम आश्रम सदावल रोड पर महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञान दास जी महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा का उत्सव प्रात: 8 बजे से अभिषेक, हवन के साथ आरंभ होगा। सुबह 10 बजे पूर्णाहुति व आरती की जाएगी। इसके पश्चात गुरु पाद पूजन होगा व 10.30 बजे बाद महाप्रसादी शुरू होगी। सभी गुरु भक्तों को पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधे लगाने व उनकी सुरक्षा का संकल्प भी कराया जाएगा। मोक्षदायिनी मां क्षिप्रा के शुद्धिकरण का संकल्प भी महाराजश्री कराएंगे। संपूर्ण आयोजन अखिल भारतीय संत दादू दयाल सेवा समिति उज्जैन द्वारा किया जाएगा। वहीं शहर की अनेक संस्थओं में भी गुरुपूर्णिमा पर पूजन अर्चन किया जाएगा। वहीं विद्यालयों भी गुरुओं का पूजन होगा।

### श्रावण मास में उज्जैन के पोस्ट ऑफिस से मिलेगा गंगाजल

श्रावण मास में देशभर से उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को भगवान महाकाल के अभिषेक-पूजन हेतु पोस्ट ऑफिस से गंगाजल मिल जाएगा। इसके लिए विभाग ने देवास गेट स्थित मुख्य पोस्ट ऑफिस में विशेष काउंटर की शुरुआत कर दी है। बुधवार को इसका उद्घाटन भी किया गया। पोस्ट ऑफिस के जनसंपर्क निरीक्षक रवींद्र शर्मा ने बताया काउंटर से श्रद्धालुओं को गंगाजल की एक बॉटल 30 रुपए कीमत में मिल जाएगी। आपको बता दे कि श्रावण के महीने में शिव का अभिषेक करने का बड़ा महत्व है। महाकाल दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालु भी जलाभिषेक करते हैं। इसके लिए पोस्ट ऑफिस ने गंगाजल उपलब्ध कराने की सुविधा दी है। खासकर कावड़ियों को भी गंगाजल की आवश्यकता पड़ती है।